## महत्वपूर्ण एवं खास

### टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 5 अगस्त को

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में खनिज विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 5 अगस्त को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### जिले में 474.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 अगस्त तक 474.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 22.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। आज एक दिन में सबसे ज्यादा रायगढ़ में 48.4 मि.मी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 631.3 मिली मीटर, पुसौर में 558.8, खरसिया में 461.5, घरघोड़ा में 442.2, तमनार में 440.7, लैलूंगा में 392.9, मुकडेगा में 469.6, धरमजयगढ़ में 349.5 छाल में 506.7 एवं कापू में 494 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### होमगार्ड भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त तक आमंत्रित

**500 होमगार्ड जीडी के लिए और 1715 महिला नगरसैनिक हॉस्टलों के लिए नियुक्त होंगे**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के लिए छत्तीसगढ़ होमगार्ड (नगरसेना) के 500 स्वयंसेवी सैनिकों के रिक्त पदों की भर्ती के लिए नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ ने इच्छुक युवक-युवतियों से वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in/ फायरएनओसी डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट इन में ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किया है। इस भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता सामान्य, ओबीसी, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए हाईस्कूल या हायर सेकेंडरी (दसवीं या बारहवीं) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 8वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आत्मसमर्पित या नक्सल पीड़ित व्यक्तियों या उनके परिवार के सदस्यों को सामान्य, ओबीसी एवं एससी वर्ग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अभ्यर्थियों के लिए 5वीं पास होना आवश्यक है। अनारक्षित और ओबीसी के लिए 300 रूपए और एसटी-एससी के लिए 200 रूपए परीक्षा शुल्क निर्धारण किया गया है। इस भर्ती के लिए सभी वर्गों के लिए 1 जुलाई 2024 को 19 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आत्मसमर्पित या नक्सल पीड़ित व्यक्तियों या उनके परिवार के सदस्यों को नगरसैनिक के पद पर नियुक्ति हेतु समस्त वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। इस भर्ती की विस्तृत जानकारी रोजगार और नियोजन के 17 जुलाई 2024 के अंक और रोजगारमार्गदर्शन डॉट कॉम पर उपलब्ध है।

### गुडेली में 2 अगस्त को होगी टीबी और मौसमी बीमारी की जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** माइनिंग क्षेत्र के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर जिले के खनिज विभाग के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग तथा क्रेशर उद्योग समूह के सामूहिक योगदान से शुक्रवार 2 अगस्त को गुडेली के सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें टीबी स्क्रीनिंग आउटरीच एवं मौसमी बीमारी का इलाज किया जाएगा। यह स्वास्थ्य शिविर सुबह 11 बजे से कैंप समाप्ति तक संचालित होगा। इसमें संबंधित समस्त आरएचओ महिला एवं पुरुष, सीएचओ पर्यवेक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य चिकित्सा सहायक अविनाश , गिरिजा लहरे, दिनेश और सरिता बरेठ शामिल होंगे। कोटवार, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सहित खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारी और क्रेशर समूह के संचालनकर्ता अपने अधीनस्थ श्रमिकों का जांच करने में अपने पदीय और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित युवाओं को पुलिस लाइन उर्दना में विशेषज्ञ ट्रेनर्स देंगे फिजिकल टेस्ट की ट्रेनिंग

- ट्रेनिंग से क्षमताओं को बढ़ाएं और चयन के लिए दें अपना बेस्ट-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी
- वित्त मंत्री चौधरी ने अग्निवीर भर्ती के लिए नि:शुल्क आवासीय शारीरिक दक्षता ट्रेनिंग का किया शुभारंभ, अभ्यर्थियों को दी शुभकामनाएं
- वित्त मंत्री चौधरी ने स्वेच्छानुदान से सभी प्रशिक्षणार्थियों को 5-5 हजार रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की
- जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आगामी अग्निवीर लिखित परीक्षा की दी जायेगी कोचिंग, तैयारी के लिए किताबों का होगा वितरण, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल
- दिसंबर में रायगढ़ स्टेडियम में होने जा रही अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा

**रायगढ़**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज पुलिस लाइन उर्दना में अग्निवीर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल हो रहे सभी अभ्यर्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि आप सभी पूरे लगन और मेहनत के साथ इस ट्रेनिंग का लाभ उठाकर अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं, कमियों को दूर करें। दिसंबर में शारीरिक दक्षता परीक्षा है उसके पहले आपके पास काफी समय है तो खुद को अच्छे से तैयार करें और अपना बेस्ट दें। हमारी शुभकामनाएं हैं आप सभी चयनित हो। उन्होंने कहा कि अग्निवीर में चयन युवाओं को देश सेवा का मौका देगा। उनका आत्मसम्मान बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर होंगे। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी ओर से 5-5 हजार रूपए सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के लिए जूते और ट्रैक सूट भी प्रदान किए।

इस मौके पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने शिक्षा और सही समय में लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा वो सशक्त माध्यम है जो अपनी क्षमता बढ़ाने और ऊंचा मुकाम हासिल करने में मदद करता है।






इसलिए पढ़ाई के साथ लक्ष्य निर्धारित करना और उसे पाने के लिए सही समय पर सही प्लानिंग बहुत जरूरी है। आप सभी ने अपने भविष्य के लिए लक्ष्य तय कर उसे पाने में जुटे है। हमारा प्रयास होगा कि यहां आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा के माध्यम से आपके लक्ष्य को पाने में सहयोग करें। हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अग्निवीरों को प्रदेश की स्थानीय भर्तियों में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने प्रशिक्षण के लिए पहुंचे अभ्यर्थियों से कहा कि यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इसका भरपूर लाभ उठाएं। आपके ट्रेनिंग के लिए पूरा मॉड्यूल बनाया गया है। रहने और खाने की नि:शुल्क व्यवस्था है। यहां विभाग के ट्रेनर्स भी हैं, जो टेस्ट के मापदंडों के अनुरूप ट्रेनिंग देंगे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि जिले के चयनित युवाओं के पूर्णत: आवासीय प्रशिक्षण की तैयारी पुलिस लाइन उर्दना में की गई है। ट्रेनिंग के लिए शेड्यूल बनाया गया है। जिसमें फिजिकल टेस्ट के हिसाब से दौड़, बीम टेस्ट, लंबी कूद, जिगजैग आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसके लिए यहां मैदान और पूरी व्यवस्था है।

गौरतलब है कि रायगढ़ जिले के ऐसे युवा जो अग्निवीर (थलसेना) की लिखित परीक्षा में चयनित हुए थे उन्हें जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। पुलिस लाइन उर्दना में नि:शुल्क आवासीय फिजिकल ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है। यहां अभी तक जिले के 27 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है। फिजिकल टेस्ट से पहले दो चरणों में यह ट्रेनिंग पूरी की जाएगी। पहले चरण में मुख्य प्रशिक्षण का आयोजन होगा। जिसके बाद टेस्ट से पहले पुन: रिफ्रेशर ट्रेनिंग दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर माह में रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती के शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, कमांडेंट 6 वीं बटालियन सुरेशा चौबे, डीएसपी अखिलेश कौशिक, विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, मुकेश जैन, कौशलेश मिश्रा, अनुपम पाल, रंजू संजय, प्रवीण द्विवेदी, ऐश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सभी ब्लॉक मुख्यालयों में लिखित परीक्षा की देंगे कोचिंग, तैयारी के लिए किताबें भी देंगे-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आगामी अग्निवीर चयन सहित पुलिस और दूसरी चयन परीक्षाओं के लिए सभी ब्लॉक मुख्यालयों में कोचिंग शुरू करने के लिए कहा। इसमें परीक्षा के लिए उपयोगी किताबें भी छात्रों को वितरित करने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन में फिजिकल ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी। जिससे जिले के अधिक से अधिक अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में पूरी तैयारी के साथ शामिल हो सकें।

**वित्त मंत्री चौधरी ने पुलिस लाइन में लगाया पीपल का पेड़-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने इस दौरान पुलिस लाइन उर्दना परिसर में पीपल का पेड़ लगाया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी वहां वृक्षारोपण किया।

**शारीरिक दक्षता हेतु चयनित जिले के अभ्यर्थी नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु कर सकते है संपर्क-** जिला प्रशासन द्वारा शारीरिक दक्षता के लिए चयनित विद्यार्थियों के लिए पुलिस लाईन उर्दना में नि:शुल्क आवासीय कोर्स आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के विद्यार्थी जो शारीरिक दक्षता हेतु उत्तीर्ण हुए वे भी इसमें शामिल हो सकते है। ऐसे सभी विद्यार्थी एपीसी समग्र शिक्षा भुनेश्वर पटेल के मोबा.नं.7000081311 को समस्त विवरण भेजकर ट्रेनिंग में शामिल हो सकते है।

## किशोर बालिका को भगाकर शारीरिक संबंध बनाने वाला युवक गिरफ्तार

- घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

थाना घरघोड़ा में दिनांक 14.10.2023 को स्थानीय रहवासी द्वारा उसकी नाबालिग बालिका (16 साल) के 08 अक्टूबर के सुबह घर में बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में गुम इंसान क्र. 52/23 एवं अपराध क्र. 470/23 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान बालिका को उसके गांव का युवक दीपक चौहान प्रेम संबंध बनाकर भगा ले जाने की जानकारी मिली। घरघोड़ा पुलिस लगातार गुम बालिका और संदेही युवक की पतासाजी की जा रही थी। दोनों के दिल्ली में रहने की जानकारी प्राप्त हुई थी किन्तु दोनों मोबाइल बंद कर लगातार अपना निवास स्थान बदल रहे थे। पुलिस लगातार संदेही युवक के परिजनों से पूछताछ कर जानकारी लिया जा रहा था, पुलिस के दबाव को देखते हुए युवक वापस बालिका को गांव लाकर किराया मकान लेकर रहने लगा। पुलिस को सूचना मिलते ही बालिका को दस्तयाब कर संदेही को हिरासत में लिया गया। महिला पुलिस अधिकारी को बालिका ने बताया कि करीब 4-5 साल से दीपक चौहान को जानती है। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे थे। इसी दरम्यान दिनांक 08.10.2023 को दीपक चौहान शादी कर पत्नी बनाकर रखने का विश्वास देकर गांव में ही शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद बस में रायगढ़ ले गया, दोनों ट्रेन पकडकर दिल्ली चले गये। जहां किराये के रूम में रखकर शारीरिक संबंध स्थापित किया है। बालिक के कथन, मेडिकल रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 366,376(2) ढ भादवि एवं 4, 6 पास्को एक्ट जोड़ा गया और आरोपी दीपक चौहान पिता नरसिंह चौहान उम्र 23 वर्ष थाना घरघोडा जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर आज दिनांक 01.08.2024 को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## अवैध कबाड़ पर कार्यवाई : ग्राम तिलगा और बादपाली के ढाबा पर कबाड़ डंप की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने की रेड

- ढाबा के सामने डम्प कर रखा 9 टन अवैध कबाड़ जब्त, दोनों ढाबा संचालकों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**रायगढ़**

दिनांक 31/072024 के सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ दिनों से ग्राम बादपाली के मनोज ढाबा और ग्राम तिलगा के पटेल ढाबा के सामने अवैध रूप से लोहा के पाइप, छड़ के टुकड़े, वाहनों के पार्ट्स काफी मात्रा में डंप किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई के लिए थाना



प्रभारी प्रशात राव हमराह स्टाफ के साथ ढाबों पर रेड किया गया। पुलिस टीम को ग्राम बादपाली मनोज ढाबा के पास रेड में लोहे की पाइप, छड, लोहे की जाली, एंगल विभिन्न कबाड़ के पार्ट्स वजन लगभग 3.5 टन कीमती रु.1,05,000 का मिला ढाबा संचालक मनोज सिंह पिता राधिका सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी भगवानपुर नीचे पर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ के पास कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से पुलिस ने चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर विधिवत कार्रवाई कर आरोपित मनोज सिंह से जप्ती की गई।

इसी कड़ी में ग्राम तिलगा के पटेल ढाबा पर पुलिस ने रेड कार्यवाही में लोहे का छड़, एंगल, चैनल, पाइप इत्यादि करीब 5.5 टन कीमती रु.1,50,000 का मिला। मौके पर उपस्थित ढाबा के पंचराम पटेल पिता स्वर्गीय महत्व राम पटेल उम्र 42 साल निवासी खुरसुला थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने कबाड़ के संबंध में कोई कागजात/लाइसेंस नहीं होना बताया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दोनों आरोपी-मनोज सिंह व पंचराम पटेल के विरूद्ध चोरी की संपत्ति के संदेह पर थाना चक्रधरनगर में पृथक-पृथक इस्तगासा क्रमांक 52, 53 धारा 35(क)(ड)BNSS/303(2) BNS के तहत कार्यवाही किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर अवैध कबाड़ पर कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, सहायक उपनिरीक्षक उदय सिदार, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, श्याम देव साहू, रवि साय, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल, विनोज लकड़ा शामिल थे।

## इंस्टाग्राम फ्रेंड ने वीडियो कॉलिंग की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर युवती को किया ब्लैकमेल

- आपत्तिजनक विडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे रूपए
- घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी को अड़भार में दबोचा
- उद्यापन और आईटी एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**

घरघोड़ा पुलिस ने आज एक्सटॉर्शन की शिकार हुई यवती की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को सक्ती जिले में दबिश देकर पकड़ा और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना घरघोड़ा में पुलिस चौकी खरसिया से प्राप्त हुई बिना नंबरी अपराध डायरी पर अपराध क्रमांक 226/2024 धारा 308(2)



BNS, 67 आईटी एक्ट के तहत आरोपी दीपेश शर्मा निवासी अडभार, जिला सक्ती पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर एक टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सक्ती रवाना किया गया तथा पीड़ित युवती का महिला अधिकारी से कथन कराये जिसमें युवती बताई की इसी साल फरवरी में इंस्टाग्राम में मिस्टर मैक्स नाम के आईडी से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आया था जिसे एक्सेप्ट की, चैटिंग के दौरान युवक अपना नाम दीपेश शर्मा निवासी मालखरौदा जिला सक्ती का बताया था। दोनों एक दूसरे का मोबाइल नंबर लेकर कॉल और व्हाट्सएप करने लगे। मार्च 2024 में एक दिन बातचीत के दौरान युवक ने वीडियो कॉलिंग कर बातचीत का स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लिया तथा उस आपत्तिजनक वीडियो को इंटरनेट पर फेक आईडी बनाकर अपलोड करने धमकी देने लगा। युवती बताई कि आरोपी दीपेश शर्मा उसे धमकी देकर रूपए मांगने पर अपने मंगेतर से फोन पे कर दीपेश को रु.1,000 भेजी, उसके बाद दीपेश रु.2,000 की मांग किया नहीं दी तो युवती के जीजा कोल कर वीडियो वायरल करने की धमकी दिया जिसके बाद युवती परिवार वालों से सलाह मशवरा कर कल पुलिस चौकी खरसिया में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। घरघोड़ा पुलिस द्वारा अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर तत्काल आरोपी दीपेश कुमार शर्मा पिता अजय शर्मा उम्र 19 वर्ष साकिन ग्राम बुदेली थाना अडभाड जिला सक्ती की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसने पूछताछ पर अपराध स्वीकार किया। आरोपी से एक नीले रंग का रेडमी कंपनी का मोबाइल की जप्ती कर आरोपी को उद्यापन व आईटी एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी, सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा, विलफ्रेड मसीह एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## रक्षाबंधन पर डाक विभाग द्वारा जारी किया गया विशेष लिफाफा

- राखी पोस्ट करने के लिए शहर में लगी पीली पेटियां

**रायगढ़**

आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों की राखियाँ को भाइयों तक पहुँचाने के लिए विशेष राखी लिफाफा डाक विभाग द्वारा प्रिंट करवाकर छत्तीसगढ़ के सभी प्रधान डाकघर एवं उप डाकघरों में बिक्री हेतु उपलब्ध करवाया गया है जिसका मूल्य 10 रूपये रखा गया है। यह लिफाफा खरीदकर तुरंत स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत एवं साधारण डाक से भेजने हेतु उपयोग में लाया जा सकता है।

इसके साथ ही राखी डाक पोस्ट किये जाने हेतु पीले रंग की विशेष पत्र पेटियां रायगढ़ चक्रधर नगर उप डाकघर, सदर बाजार उपडाकघर, सत्तीगुडी चौक एवं चक्रधरनगर चौक पर लगाई गई हैं। डाक विभाग द्वारा जनसामान्य से आग्रह किया गया है कि वे अपना राखी डाक को पीले रंग के विशेष पत्र पेटी में ही डालें। राखी डाक के लिफाफे में पाने वाले का पूर्ण पता सहित पिनकोड स्पष्ट व साफ अक्षरों में लिखें ताकि राखी डाक का शीघ्र निपटान किया जा सके। इस हेतु प्रधान डाकघर रायगढ़ में निर्धारित काउंटर पर ही राखी डाक स्वीकार करने की व्यवस्था भी की गई है।

## डेंगू नियंत्रण के लिए कलेक्टर गोयल उतरे फील्ड में, डोर टू डोर दस्तक देकर कहा सोर्स रिडक्शन को लेकर रहें सजग

- सोर्स रिडक्शन के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम चला रही अभियान, वार्ड क्रमांक 19 और 20 का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण
- डेंगू का लार्वा साफ ठहरे पानी में पनपता है इसलिए कूलर, गमलों, छतों में रखे टायर व कंटेनर जहां पानी जमा हो उसे तत्काल खाली करने की लोगों से अपील
- लापरवाही और सहयोग नही करने वालों पर कार्यवाही के दिए निर्देश
- स्कूली छात्राओं ने ली डेंगू रोकथाम की शपथ

**रायगढ़**

शहर में डेंगू के बढ़ते प्रकरण के मद्देनजर आज कलेक्टर से कार्तिकेया गोयल डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में डेंगू सोर्स रिडक्शन के लिए फील्ड में उतरकर डोर टू डोर निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवशी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने शहर के वार्ड क्रमांक 19 और 20 में डेंगू प्रभावित इलाकों में पहुंचे जहां नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से सोर्स रिडक्शन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान इन मोहल्लों में घरों के गमले, कूलर और गोदामों और छतों का निरीक्षण किया गया। जल जमाव पाए जाने पर मौके पर नगर निगम के टीम के द्वारा पानी साफ





कर दवाइयों का तत्काल छिड़काव भी किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेंगू को लेकर हमारी सजगता और सावधानी सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने लोगों से चर्चा कर डेंगू से रोकथाम, बचाव की जानकारी भी दी। साथ ही उन्होंने स्थानीय पार्षदों को डेंगू के रोकथाम के लिए सहयोग प्रदान करने एवं लोगों को जागरूक करने को कहा।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि डेंगू की जमीनी स्थिति का आंकलन करने के जिला, पुलिस एवं निगम प्रशासन आज निरीक्षण कर रहे है। उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि छोटी-छोटी असावधानियों से घरों में जल जमाव की स्थिति निर्मित हो रही है। डेंगू का लार्वा साफ ठहरे हुए पानी में पनपता है। जिसे रोकना जरूरी है। इसी के निरीक्षण के लिए टीम घर-घर जा रही है, उसको आपका सहयोग भी मिल रहा है। लेकिन अगले बारिश में वही फिर से जल जमाव हो रही है, उसे तत्काल साफ करें। उन्होंने कहा कि डेंगू के बढ़ते केसेस को रोकने के लिए सबको को सतर्कता से काम करना होगा। जब निगम की टीम आए तो उसको घरों के निरीक्षण की अनुमति दे ताकि जल जमाव का पता चल सके एवं उसकी सफाई तथा दवाईयों का छिड़काव किया जा सके। हम सभी का प्रयास है डेंगू के प्रकरण न बढ़े लेकिन इसमें जनसामान्य का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, पार्षद महेश कंकरवाल, प्रभात साहू, सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, डीपीएम रंजना पैकरा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**डेंगू प्रभावितों से मिलकर किया जागरुक-** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वार्ड के डेंगू प्रभावित लोगों से मिलकर उन्हें और उनके परिजनों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि घरों में गमलों, छतों पर कंटेनर, खुले में रखे टायर जैसे जगहों में ठहरे पानी के कारण डेंगू फैल रहा है। इसके लिए आप अपने घरों में पानी जमा न होने दें। नियमित रूप से सफाई करें, ताकि डेंगू का लार्वा न पनप सके, इससे आपके साथ अन्य लोग भी डेंगू सुरक्षित रहेंगे।

**स्कूली छात्राओं ने डेंगू से बचाव की ली शपथ-** निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुत्री शाला में स्कूली छात्राओं को डेंगू के संबंध में जागरुक करते हुए कहा कि साफ पानी में डेंगू के लार्वा पनपते है, इसलिए सभी रुके हुए पानी साफ करने के साथ गमले, टायर, जैसे अनावश्यक चीजों में रुके पानी को नियमित सफाई करें। उन्होंने कहा कि आप जो करेंगे अपने लिए करेंगे और पूरी जिम्मेदारी के साथ करें और लोगों को भी जागरुक करे ताकि डेंगू न बढ़े। उन्होंने छात्राओं को इसके लक्षण, रोकथाम, बचाव की जानकारी दी। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने डेंगू रोकथाम के लिए शपथ भी ली।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480